संदर्भ संख्या–सी.एम.ए.00936318

संख्या–सी0एम0–28 / सत्तर–7–2019

प्रेषक,

कृष्ण चन्द्र राय शर्मा
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– निदेशक,
उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश,
प्रयागराज

2– कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–7 लखनऊः दिनॉकः 21 अगस्त, 2019

विषयः– विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों में प्रार्थना अथवा हाजिरी के दौरान "स्वच्छता के लिए एक मिनट" का समय दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री विशेष सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र दिनांक 07–02–2018 के साथ संलग्न श्री हरदीप सिंह पुरी, मा0 आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार के पत्र संख्या–अ.शा.सं. 25 / 13 / 2016–एसबी0एम–II दिनांक 15–01–2018 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में परीक्षणोपरान्त आख्या शासन को दिनांक 28–08–2019 तक अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(कृष्ण चन्द्र राय शर्मा)
संयुक्त सचिव।

P.T.O

05/उपकुलसचिव (सा०प्रशा०)/कुलसचिव जी,

कृ० यदि सहमत हो तो प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कर दिया कि वह निम्नांकित को ई-मेल करने का कष्ट करें !-

1- समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक को इस आशय से प्रेषित कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कर कृत कार्यवाही से कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

2- समस्त प्राचार्य/प्राचार्य सहयुक्त/सम्बद्ध, ला०वि०वि० को इस आशय से प्रेषित कर दिया जाये कि उक्त पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

3- निदेशक सांस्कृतिक, प्रो० एन०के० पाण्डेय।

कृ० अवलोकनार्थ एवं आदेशार्थ।

Neeraj
24/8/19

24/8/19

24.8.19

24.8.2019

DR-VNT 29/8

VC(LU)
30.8.19.

संख्या CM-28 .... / सत्तर-7-2019

कार्यालय

मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश

लाल बहादुर शास्त्री भवन, लखनऊ

संख्या ....   दिनांक ....

प्रमुख सचिव,

उच्च शिक्षा / माध्यमिक शिक्षा / बेसिक शिक्षा विभाग।

कृपया संलग्न श्री हरदीप एस0 पुरी, मा0 आवासन एवं शहरी कार्य,राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 15 जनवरी, 2018 का अवलोकन करने का कष्ट करें जो राज्य के सभी विद्यालयों को "स्वच्छता के लिए एक मिनट" का विशेषतया सुबह की प्रार्थना अथवा हाजिरी के दौरान समय दिये जाने के बारे मे है।

कृपया इस संबंध में परीक्षणोपरान्त पत्रावली पर शीघ्र आख्या प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

संलग्नकः यथोक्त।

7/2/2018

(सुखान्त कुमार शुक्ल)
विशेष सचिव, मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश शासन

CMA00936318

आरक्षित
प्राप्त सी0एम0-1
08 FEB 2018

19/02/19

हरदीप एस पुरी
HARDEEP S PURI

आवासन और शहरी कार्य
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
भारत सरकार
MINISTER OF STATE(I/C)
HOUSING AND URBAN AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA

15 जनवरी 2018

अ.शा.सं. 25/13/2016-एसबीएम-II

स्वच्छ भारत मिशन - शहरी के तहत, व्यवहार परिवर्तन स्वच्छ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ध्यान दिया जाने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है। 'जन आन्दोलन' की सच्ची भावना में, मिशन में देश में प्रत्येक हितधारक से समन्वित प्रयास किए जाने अपेक्षित हैं ताकि हम सभी के 'स्वच्छ भारत' के स्वप्न को साकार किया जा सके।

आप सहमत होंगे कि बच्चों और युवा वर्ग की समाज में परिवर्तन लाने में सर्वाधिक महत्ता होती है। अतः, मिशन में बच्चों को शामिल करना और उनमें "स्वच्छता" के मूल्यों और सिद्धान्तों को समाहित करना महत्त्वपूर्ण होगा ताकि वे इन सन्देशों को समग्र समाज तक आगे ले जा सकें।

इसके आलोक में, आपसे अनुरोध करना चाहूँगा कि अपने राज्य के सभी विद्यालयों को "स्वच्छता के लिए एक मिनट" का विशेषतया सुबह की प्रार्थना अथवा हाजिरी के दौरान समय देने का अनुदेश दें। इस समय का उपयोग स्वच्छता शपथ लेने अथवा स्रोत पर अपशिष्ट के पृथक्करण की शपथ लेने, अपने-अपने घरों में की जा सकने योग्य सामान्य 'स्वच्छता संबंधी कार्यों की जानकारी देने, स्वच्छता और साफ-सफाई की जानकारी देने, कूड़ा कचरा फैलाने, खुले में शौच करने, खुले में मूत्रत्याग इत्यादि के हानिकारक प्रभावों के बारे में बताने के लिए किया जा सकता है।

Office:- Room No. 104-C, Nirman Bhawan, New Delhi-110011; Phone: 011-23061166, 23061162, 23062089 (Fax)

मुझे यह विश्वास है कि यह पहल कूड़े-कचरे को देखने और निपटारा करने, स्वस्थ-स्वच्छता पद्धतियों को अपनाने आदि के बारे में बच्चों को जागरुक बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस प्रकार वे समाज में परिवर्तन के प्रतिनिधि बन सकेंगे।

मैं स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में आपके मूल्यवान सहयोग की आशा करता हूँ।

सादर,

आपका

(हरदीप सिंह पुरी)

श्री योगी आदित्यनाथ
माननीय मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश
पांचवा तल, लाल बहादुर शास्त्री भवन
उत्तर प्रदेश सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ-226001